# आज भी शिक्षकों के शब्द उन्हें प्रेरित करते हैं : जनरल द्विवेदी

## थलसेना प्रमुख ने किया सैनिक स्कूल में कैडेट्स को प्रेरित

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 अप्रैल, सैनिक स्कूल रीवा में थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, पी वी एस एम, ए वी एस एम का आगमन अपरान्ह 12 बजे हुआ. सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने सैनवा मेमोरियल पर श्रद्धांजलि अर्पित की तत्पश्चात विद्यालय के परेड ग्राउंड पर कैडेट्स की परेड का निरीक्षण किया.**



मुख्य अतिथि ने कमांडर जे एस खोत, प्रशासनिक अधिकारी, डॉ एन के झा, पी जी टी, मैथ्स, प्रभाकर चक्रवर्ती, पी जी टी, फिजिक्स, हवलदार उमा शंकर व विद्यालय के पुरा छात्र डॉ सौरभ पटेल को उनके उत्कृष्ट कार्य व कर्तव्य परायणता के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा कर्नल जी पी सिंह (रिटायर्ड), हवलदार योगेश कुमार तिवारी (रिटायर्ड) व नायक अनिल कुमार तिवारी (रिटायर्ड) को वेटरन अचीवर्स अवार्ड्स से सम्मानित किया.

इसी श्रंखला में मुख्य अतिथि ने विद्यालय के नवनियुक्त पदाधिकारियों का पद अलंकरण किया. मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में अपने समय के शिक्षकों को याद करते हुए उन्हें अपना प्रेरणा स्रोत व मार्गदर्शक बताया तथा कहा कि आज भी उनके शिक्षको के शब्द उन्हें प्रेरित करते है. कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने उन्हें रोल मॉडल बनने के लिए प्रेरित किया इसके अतिरिक्त उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने के मन्त्र बताते हुए मानसिक , शारीरिक व आध्यात्मिक रूप से मज़बूत बनने पर बल दिया तथा उन्हें देश का भविष्य कहा. मुख्य अतिथि ने सपनों को वास्तविकता में बदलनें पर बल दिया व तकनीकी का उचित प्रयोग करने का आह्वान किया. उन्होंने कैडेट्स से असफलता को सफलता की सीढ़ी मानकर निरंतर प्रयत्नशील रहने के लिए प्रेरित किया. तदुपरांत प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल, वी एस एम ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया. इसी श्रंखला में मुख्य अतिथि ने विद्यालय को स्मृति चिन्ह प्रदान किया व दो लाख रुपये की धनराशि प्रदान की. सभा के अंत में प्राचार्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया, राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ.

### उप मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट में किया स्वागत



भारतीय थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी वायुसेना के विशेष विमान से रीवा एयरपोर्ट पहुंचे. एयरपोर्ट में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने थल सेना अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया.



# कुंड में डूबने से किशोर की मौत, दूसरे दिन मिला शव

- फुटबॉल खेलने निकले 15 वर्षीय छात्र की संदिग्ध मौत, दोस्तों के बयान पर उठे सवाल

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 अप्रैल। मोरवा थाना क्षेत्र के झिगुरदह में फुटबॉल खेलने घर से निकले 15 वर्षीय किशोर की कुंड में डूबने से मौत हो गई। आज सोमवार की सुबह उसका शव बरामद होने के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। घटना को लेकर परिजनों ने संदेह जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।**

जानकारी के अनुसार झिंगुरदह निवासी गुलाम वारिस पिता मो. जुल्फिकार रविवार की सुबह करीब छ: बजे अपने दोस्तों के साथ फुटबॉल खेलने की बात कहकर घर से निकला था। वह क्राइस्ट ज्योति स्कूल में कक्षा 10वीं का छात्र था और परिवार का इकलौता बेटा था। घर वापस नहीं लौटने पर स्वजन चिंतित हो उठे। पिता द्वारा संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन दोस्तों से भी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद तलाश शुरू की गई। बताया गया कि किशोर बाद में हनुमान मंदिर के पीछे स्थित कुंड में नहाने चला गया, जहां वह लापता हो गया। देर शाम तक स्थानीय लोग जंगल के बीच बने कुंड में टायर की नाव के सहारे खोजबीन करते रहे, लेकिन सफलता नहीं मिली। जहां आज सोमवार की सुबह स्वजन और ग्रामीणों ने दोबारा तलाश शुरू की, जिसके बाद करीब साढ़े आठ बजे किशोर का शव कुंड से बरामद कर लिया गया। घटना को लेकर परिजनों का शक उस समय और बढ़ गया जब गुलाम वारिस का फुटबॉल घटनास्थल से दूर सड़क किनारे मिला।

### परिजन मान रहे संदिग्ध

जबकि साथ गए दोस्तों का कहना था कि उसे बचाने के प्रयास में गेंद पानी में फेंकी गई थी। स्वजन का आरोप है कि दोस्तों द्वारा घटना की पूरी जानकारी नहीं दी जा रही है, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल उ.प्र. सीमा क्षेत्र में होने के कारण अनपरा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच में जुटी है।

# वन स्टॉप सेंटर में आश्रय प्राप्त 3 बालिकाएं गायब

## अधिकारियों की शिकायत पर जांच में जुटी पुलिस

**नवभारत न्यूज**

**सतना 27 अप्रैल. महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित, शहर के धवारी क्षेत्र में स्थित वन स्टॉप सेंटर में आश्रय प्राप्त 3 बालिकाएं रविवार-सोमवार कर दरमियानी रात अचानक गायब हो गईं. सोमवार की सुबह घटना की जानकारी सामने आने पर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा मामले की शिकायत सिटी कोतवाली थाने में की गई. जिसके आधार पर पुलिस द्वारा जांच कार्रवाई की जा रही है.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार धवारी क्षेत्र में स्थित वन स्टॉप सेंटर की डॉरमेट्री में 14 से 15 वर्ष की उम्र की 3 बालिकाएं आश्रय प्राप्त थीं. यह बालिकाएं रामपुर बघेलान, सिविल लाइन और मझगवां क्षेत्र की निवासी थीं. रविवार-सोमवार की दरमियानी रात उक्त वन स्टॉप सेंटर में बतौर केयर टेकर रोशनी की ड्यूटी थी. सोमवार की साढ़े 5 बजे जब रोशनी ने डॉरमेट्री ममें देखा तो तीनों लड़कियां गायब नजर आईं. यह देखते ही रोशनी द्वारा सबसे पहले प्रशासक ओ एस सी को सूचना दी गई. जिसके बाद रोशनी ने सहायक संचालक महिला बाल विकास एवं अधिकारी वन स्टॉप सेंटर श्याम किशोर द्विवेदी सहित विभागीय अधिकारियों को घटना के बारे में बताया. घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित सभी अधिकारी वन स्टॉप सेंटर पहुंच गए. सीसीटीवी फुटेज देखने पर मालुम हुआ कि तीनों लड़कियां रात के डेढ़ बजे वन स्टॉप सेंटर से निकल गईं. इसी कड़ी में अधिकारियों द्वारा शुरु की गई जांच में पाया गया कि कमरे में लगी लोहे की ग्रिल टूटी हुई है. जिसे देखकर यह अनुमान लगाया गया कि लोहे की ग्रिल को तोड़कर बालिकाएं वहां से बाहर निकल गईं. रात के दौरान वन स्टॉप सेंटर में केयर टेकर के साथ-साथ बाहर मुख्य गेट पर एक गार्ड भी तैनात था. लेकिन बालिकाएं वन स्टॉप सेंटर के मुख्य गेट के बजाए पीछे की रास्ते से बाहर निकल गईं. घटना की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों द्वारा सिटी कोतवाली थाने में मामले की शिकायत की. जिसके आधार पर थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी पुलिस बल के साथ वन स्टॉप सेंटर पहुंचे और घटना स्थल का बारीकी से मुआयना किया. जिसके बाद पुलिस द्वारा जांच कार्रवाई तेज का दी गई.

### घर वापसी होने तक आश्रय

सहायक संचालक महिला बाल विकास एवं अधिकारी वन स्टॉप सेंटर श्याम किशोर द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि सतना में किशोर न्याय अधिनियसम का बालिका गृह नहीं है. जिसके चलते थाने से लाए जाने के बाद कलेक्टर कर संस्तुति और बाल कल्याण समिति की अनुमति के बाद ही यहां पर 7 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक की लड़कियों को आश्रय प्रदान किया जाता है. जब तक लड़कियों की घर वापसी नहीं हो जाती तब तक उन्हें यहां पर आश्रय प्रदान किया जाता है. गायब हुई तीनों बालिकाएं भी वन स्टॉप सेंटर की डॉरमेट्री में आश्रय प्राप्त थीं.

# नशे की कारोबारी महिला तस्कर गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 अप्रैल, रीवा जोन आईजी के निर्देश पर जारी ऑपरेशन प्रहार में कोतवाली पुलिस ने नशे के कारोबार में संलिप्त एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया.**

पुलिस ने महिला के कब्जे से नशीले कफ सिरप की शीशियों के साथ नशे में प्रयुक्त कैप्सूल वा टेबलेट भी बरामद किया है. खास बात यह की जिस महिला को पुलिस ने नशे का कारोबार करते गिरफ्तार किया है वह पूर्व के भी जेल जा चुकी है और ढाई माह पूर्व जेल से मिली रिहाई के बाद वह दोबारा पुलिस के हत्थे चढ़ गई. कार्रवाई के संबंध में थाना प्रभारी निशा मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर कबाड़ी मोहल्ला निवासी एक महिला के घर में दबिस देकर उसे नशे के सामान के साथ गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने तलाशी के दौरान महिला के घर से करीब 50 नग नशीले कफ सिरप के साथ-साथ नशे में प्रयुक्त 480 कैप्सूल वा टैबलेट भी जप्त किए गए हैं. थाना प्रभारी के मुताबिक आरोपी महिला लंबे समय से नशे का कारोबार संचालित कर रही थी, जिसके विरुद्ध पूर्व से एनडीपीएस का मामला दर्ज है, और ढाई माह पूर्व ही वह जेल से जमानत पर रिहा हुई थी.

# ससुराल में युवक ने लगाई फांसी, शादी की खुशियों में पसरा मातम

- परिजनों ने लगाए ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 27 अप्रैल, शहर के जमोड़ी थानांतर्गत अधियारखोह में एक युवक द्वारा ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना के बाद** शादी की खुशियों में मातम पसर गया। मृतक की पहचान अशोक साकेत पिता समय लाल साकेत 20 वर्ष निवासी बरमानी थाना मझौली के रूप में हुई है।



जानकारी के अनुसार अशोक साकेत 24 अप्रैल 2026 को अपनी ससुराल अधियारखोह आया था, जहां उसकी बड़ी साली की शादी का कार्यक्रम चल रहा था। 26 अप्रैल को बारात आई और 27 अप्रैल 2026 को करीब दोपहर 1 बजे बारात की विदाई हुई। इस दौरान मृतक का बड़ा भाई संतोष साकेत भी मौके पर मौजूद था, जो विदाई के बाद अपने घर बरमानी लौट गया। परिजनों के अनुसार, संतोष साकेत के घर पहुंचते ही ससुराल पक्ष से फोन आया कि उसके भाई अशोक ने फांसी लगा ली है। बताया जा रहा है कि सोमवार को लगभग दोपहर 3 बजे अशोक साकेत ने ससुराल स्थित दिनेश साकेत के पक्के मकान में बने लोहे के रोशनदान में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक के बड़े भाई संतोष साकेत ने आरोप लगाया है कि जब वह वहां से निकला था, तब उसके भाई में किसी प्रकार की नाराजगी या तनाव नहीं था। उसने आशंका जताई है कि उसके जाने के बाद क्या हुआ, यह जांच का विषय है। साथ ही उसने दिनेश साकेत एवं उनके परिवार को इस घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया है। घटना की जानकारी मिलते ही शादी का माहौल मातम में बदल गया। सूचना पर पहुंची जमो?ी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आत्महत्या के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# जयंत पुलिस चौकी के तीन घरों में चोरों ने बोला धावा

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 अप्रैल। जयंत चौकी क्षेत्र के सीडब्ल्यूएस कॉलोनी एनसीएल जयंत परियोजना के माइन्स के तीन आवास में चोरों ने कहर बरसाया।**



तीनों आवास में ताला बंदे थे, बच्चों की छुट्टी होने एवं शादी विवाह का अवसर होने के कारण सभी अपने गांव या पैतृक घर गए हुए थे, चोरों ने मौके के फायदे उठाया, एक स्कूटी सहित तीनों घरों के लॉकर तोड़े गए, सारे सामान को तहस-नहस किया गया, पूरे घर में बिखरे पड़े हैं। ऐसा लगता है कि चोरों ने बड़े आराम से पूरी रात घरों की तलाशी ली, आश्चर्य की बात यह है सीडब्ल्यूएस प्रबंधन ने आवासीय परिसर के लिए लगभग 15 सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती की है, यह तैनाती क्या वास्तव में है की मात्र फाइलों तक में सीमित है। स्कूटी भी चोरी हुई है, अगर वास्तविक तरीके से सुरक्षा गार्ड लगाए गए होंगे, चारों तरफ गेट लगे हुए हैं, किसी न किसी गेट में सिक्योरिटी गार्ड अपने रजिस्टर में उसे स्कूटी का नंबर एंट्री किए, होंगे कर के हस्ताक्षर करवाए होंगे, लेकिन यह सब कुछ नहीं हुआ और मैं यह भी जानता हूं, इस चोरी की रिपोर्ट तक पुलिस अपने पित में नहीं लेगि, उल्टा जिनके घरों में चोरी हुई है उन को हड़काया जाएगा, दबाया जाएगा, जिससे वह रिपोर्ट तक ना करवाए, पुरानी परंपराओं को देखते हुए, लेकिन यह आवाज इस बार नहीं देवेगी, इसलिए प्रशासन से आग्रह है कि पित तत्काल दर्ज कर चोरों के गिरफ्तारी सुनिश्चित करें।

# कलेक्टर ने खरीदी केंद्र हड़बड़ो एवं शैरपुर का किया औचक निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**

**सीधी 27 अप्रैल, कलेक्टर विकास मिश्रा ने जनपद पंचायत सीधी अंतर्गत बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित उपनी (हड़बड़ो) तथा जनपद पंचायत सिहावल अंतर्गत बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पटेहरा (शैरपुर) के खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने पीने के स्वच्छ पानी, छायादार बैठक व्यवस्था, प्राथमिक उपचार किट तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि केंद्रों पर शासन द्वारा निर्धारित माप-तौल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा खरीदी केंद्र की पहचान हेतु सूचना पट्ट एवं पोस्टर स्पष्ट रूप से लगाए जाएं ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।



# स्वच्छता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सविता प्रधान

- रात्रि भ्रमण में नवानगर, अमलोरी एवं जयंत की साफ सफाई व्यवस्थाओं का आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली,27 अप्रैल , नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान द्वारा रात्रिकालीन भ्रमण के दौरान नवानगर, अमलोरी तथा जयंत क्षेत्रों का निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था की जमीनी हकीकत का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थानों पर साफ-सफाई की स्थिति का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।**

आयुक्त सविता प्रधान ने स्वच्छता कार्यों में पाई गई कमियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 को ध्यान में रखते हुए किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।उन्होंने निर्देशित किया कि कचरा संग्रहण, नियमित सफाई एवं डोर-टू-डोर कलेक्शन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, साथ ही प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। भ्रमण के दौरान आयुक्त द्वारा सुलभ शौचालयों का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने शौचालयों की साफ-सफाई, पानी की उपलब्धता एवं समुचित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### निगमायुक्त ने जनता से मांगा सहयोग

आयुक्त श्रीमती प्रधान ने नागरिकों से भी अपील की कि वे स्वच्छता बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें, जिससे स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित किया जा सके।इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी बी.जी. चतुर्वेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर भाई से मारपीट

## कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 अप्रैल। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कचनी गांव में छेड़छाड़ का विरोध करना एक युवती और उसके भाई को भारी पड़ गया।**

जानकारी के अनुसार गांव में कुछ युवकों द्वारा युवती के साथ छेड़छाड़ की जा रही थी, जिसका विरोध करने पर आरोपियों ने आक्रामक रवैया अपनाते हुए युवती और उसके भाई के साथ मारपीट कर दी। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि मारपीट में दोनों को चोटें आई हैं, जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। ग्रामीणों में घटना को लेकर आक्रोश देखा जा रहा है और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

# नेशनल हाईवे-39 फिर जाम, बीच सड़क पलटा कैप्सूल वल्कर

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 अप्रैल। नेशनल हाईवे 39 पर एक बार फिर लंबा जाम लग गया है। जानकारी के मुताबिक देवसर-जियावन मार्ग के चौराडांड क्षेत्र अंतर्गत हथिओदरा के पास बीच सड़क पर एक कैप्सूल वल्कर वाहन पलट गया, जिससे आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो गया।**



हादसे के बाद हाईवे पर भारी वाहनों के पहिए थम गए हैं, जबकि छोटे वाहन किसी तरह किनारे से निकल रहे हैं। मौके पर लंबी कतारें लग गई हैं और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माणाधीन नेशनल हाईवे पर आए दिन इस तरह के हादसे हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन अब तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं कर पाया है। सड़क की खराब स्थिति और यातायात प्रबंधन की कमी को हादसों की बड़ी वजह बताया जा रहा है। फिलहाल प्रशासन की टीम के मौके पर पहुंचने और जाम खुलवाने की कोशिश जारी है।

# एसीएस ने सुपर स्पेशलिटी और जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

## स्वास्थ्य व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के दिए निर्देश, आभा रजिस्ट्रेशन कार्य को गति दें : वर्णवाल

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 अप्रैल, अतिरिक्त मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य अशोक वर्णवाल ने अपने रीवा जिले के प्रवास के दौरान सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, कुशाभाऊ ठाकरे जिला अस्पताल सहित ग्रामीण अंचल के स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया तथा स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर करने के निर्देश दिये.**







अतिरिक्त मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य केन्द्र रायपुर कर्चुलियान एवं गुढ़ के निरीक्षण के दौरान संचालित हो रही ओपीडी का निरीक्षण किया तथा चिकित्सकों व अन्य स्टाफ को निर्देश दिये कि आने वाले मरीजों का बेहतर इलाज करें तथा स्वास्थ्य की जांच व ब्लड सेंपल व अन्य जांच अस्पताल में ही करायें. उन्होंने कोल्डचैन, लैब, पैथालॉजी कक्ष, एनआरसी व वार्डों का भ्रमण किया तथा व्यवस्थायें देखीं. अतिरिक्त मुख्य सचिव ने स्टोर में दवाईयों व अन्य आवश्यक उपकरणों का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिये कि अस्पताल में उपलब्ध दवाईयाँ दी जांय तथा इस बात का विशेष ध्यान रखें कि दवाईयाँ एक्सपायरी न हों. उन्होंने रायपुर कर्चुलियान में निर्माणाधीन ब्लाक पब्लिक हेल्थ यूनिट की गुणवत्ता ठीक न होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की. जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव ने ओपीडी एवं ऑपरेशन थियेटर व डायलिसिस कक्ष का निरीक्षण किया. उन्होंने टोकन जनरेट करने वाली मशीन से टोकन जनरेट न होने पर कहा कि जो व्यवस्थायें मुहैया कराई गई हैं उनका नियमित संचालन सुनिश्चित करायें. श्री वर्णवाल ने मरीजों से उन्हें मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं व अस्पताल की व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी ली. उन्होंने निर्देश दिये कि सभी का आभा का रजिस्ट्रेशन अनिवार्यत: कराया जाय. उन्होंने सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों में संचालित विभिन्न विभागों तथा स्टोर का निरीक्षण किया. इस दौरान कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने चिकित्सकों व स्टाफ को निर्देश दिये कि सभी स्वास्थ्य केन्द्र समय पर खुलें व मरीजों का बेहतर इलाज हो. निरीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएँ श्रीमती अवधिया, सीएमएचओ डॉ. यत्नेश त्रिपाठी, सिविल सर्जन डॉ. प्रतिभा मिश्रा सहित चिकित्सक व स्टाफ उपस्थित रहा.







स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99